

**गुस्ताखी माफ**

नौकरानियां कर रहीं, घर के सारे काम।
मेमसाब फरमा रहीं, क्लब आकर आराम।
क्लब आकर आराम, डटा है पूरा टोला।
अंत्याक्षरी कहीं, कहीं चलता तंबोला।
कह साहिल कविराय, बनी हैं सभी रानियां।
पीछे घर के काम, कर रहीं नौकरानियां।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 09 | TUESDAY 20-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ट्राईसिटी की हवा बनी सेहत के लिए खतरा, प्रदूषण पर हाईकोर्ट में दखल की मांग

## चंडीगढ़-पंचकूला-मोहाली के लिए साझा एक्शन प्लान की जरूरत, अगली सुनवाई अगले सप्ताह

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता अब केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। ट्राईसिटी में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है, जहां प्रशासनिक स्तर पर ठोस और संयुक्त कार्रवाई की मांग की गई है।

हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि अलग-अलग राज्यों और प्रशासनों में बंटी ट्राईसिटी के लिए अब तक कोई प्रभावी साझा तंत्र विकसित नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता ने आग्रह किया है कि क्षेत्र-विशेष के अनुरूप एक संयुक्त कार्य समिति गठित की जाए, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ-साथ चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के प्रतिनिधि शामिल हों।

याचिका में यह भी कहा गया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए ट्राईसिटी के लिए एक अलग और अधिसूचित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन ब्लूप्रिंट तैयार किया जाना जरूरी है, ताकि वायु गुणवत्ता सूचकांक के खतरनाक स्तर पर पहुंचते ही स्वतः कड़े कदम लागू हो सकें। मांग की गई है कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी हाईकोर्ट के स्तर पर की जाए।

याचिकाकर्ता के अनुसार, जब वायु गुणवत्ता गंभीर या अत्यंत खराब श्रेणी में प्रवेश करे, तो प्रवर्तन एजेंसियों को बिना देरी के सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यह कार्रवाई राष्ट्रीय ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) की मूल भावना और ढांचे के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही, आम लोगों को स्थिति से अवगत कराने के लिए नियमित 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' सार्वजनिक की जाए।




याचिका में यह भी रेखांकित किया गया है कि सीमित औद्योगिक गतिविधियों और नियोजित शहरी ढांचे के बावजूद ट्राईसिटी में विशेषकर सर्दियों के दौरान वायु गुणवत्ता में तेज गिरावट देखी जा रही है। यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इसके समाधान के लिए अब तक कोई ठोस और लागू करने योग्य आपात तंत्र प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया।

हाईकोर्ट इस जनहित याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा, जिससे ट्राईसिटी में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बड़े निर्देश आने की संभावना जताई जा रही है।




IOL

**IOL Chemicals and Pharmaceuticals Limited**

Corporate Office: 85, Industrial Area-A, Ludhiana- 141003, Punjab

Works: Village Fatehgarh Channa, Mansa Road, Barnala- 148107, Punjab




# ग्लाडा की मेहरबानी से पक्खोवाल रोड पर प्रोजेक्ट्स की बाढ़, टैक्स देने वाली जनता परेशान

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। बेशक लुधियाना शहरवासियों द्वारा करोड़ों रुपए टैक्स पंजाब सरकार को दिया जाता है। लेकिन इतनी भारी रकम देने के बावजूद उन्हें बेसिक फैसिलिटी तक नहीं मिल पा रही। जिसमें न तो दुरुस्त सड़कें मिल रही, न ट्रैफिक से निजात मिल पा रही है। जिस कारण रोजाना लोग घंटों ट्रैफिक में फंस रहे हैं। बात कर रहे हैं पक्खोवाल रोड की। जहां ग्लाडा की और से धड़ल्ले के साथ एक के बाद 15 से 20 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी देते हुए पास कर दिया है। जिसमें ज्यादातर कमर्शियल हैं। जहां पहले ही पक्खोवाल पर कमर्शियल प्रोजेक्ट्स, सड़कों पर अवैध कब्जों और खराब सड़कों के कारण ट्रैफिक जाम रहता है, वहीं अब एक से बढ़कर एक नए प्रोजेक्ट की फाइलें पास करके लोगों को नई दुविदा में डाला जा रहा है। जहां अभी लोग 2 से 3 घंटे ट्रैफिक जाम में फंसते हैं, वहीं आने वाले समय में हालात यह होंगे कि लोग पक्खोवाल रोड से निकलने से भी डरेगें। लेकिन इसके बावजूद बिना इन सभी कारणों को देखें ग्लाडा के अधिकारी प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दे रहे हैं। चर्चा है कि अधिकारियों द्वारा अपनी जेब भरने के चक्कर में लोगों के लिए समस्या खड़ी की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि करोड़ों रुपए टैक्स देने के बावजूद जनता को उनकी बेसिक सुविधाएं नहीं मिल पा रही।






ग्लाडा सीए संदीप कुमार

## क्या आप सरकार लेगी एक्शन

वहीं चर्चा है कि इन प्रोजेक्ट्स को ग्लाडा के अधिकारी प्रोजेक्ट्स मालिकों के साथ आपसी मिलीभगत करके अपने लेवल ही पास कर दे रहे हैं। जबकि जनता को आ रही परेशानी संबंधी सरकार को बताया ही नहीं जा रहा। जिसके चलते अब देखना होगा कि क्या आप सरकार के मंत्री इस मामले में एक्शन लेकर जनता की समस्याएं हल करेगें या नहीं।

## गलतियां ग्लाडा की, फंसती है ट्रैफिक पुलिस

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि पक्खोवाल रोड पर रोजाना रात को लंबा जाम लगता है। शादी समारोह के सीजन के दौरान तो कई किलोमीटर तक सड़क जाम रहती है। हालात इतने खस्ता रहते हैं कि अगर घर से आठ बजे निकलें तो 11-12 बजे तक तय स्थान पर व्यक्ति पहुंच पाता है। इसका सबसे अहम कारण ग्लाडा है। ग्लाडा अधिकारी अपनी जेब गर्म करने को बिना देखें प्रोजेक्ट पास कर देते हैं। फिर वहां जाम लगता है और बाद में ग्लाडा अपनी गलतियां ट्रैफिक पुलिस पर डाला देता। फिर कह दिया जाता है कि ट्रैफिक पुलिस इसका हल करे।

## आपसी हेरफेर की चर्चाएं

वहीं एक्सपर्ट्स की मानें तो हर प्रोजेक्ट को पास करने से पहले कई तरह के नियम होते हैं। जिसमें कि जिस सड़क पर प्रोजेक्ट आना है, वहां कितनी ट्रैफिक रहती है, क्या प्रोजेक्ट आने से बाकी शहरवासियों को दिक्कत तो नहीं आएगी, इसके अलावा जिस जगह प्रोजेक्ट लाया जा रहा है, वहां आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी न हो, समेत कई बेसिक चीजें नोट की जाती है। जिसके बाद ही पास किया जाता है। लेकिन यहां पर ग्लाडा अधिकारी प्रोजेक्ट की जमीन देकर अपनी सरकारी फीस लेकर पास कर देते हैं। वहीं चचाएं हैं कि यह प्रोजेक्ट्स नियमों को ताक पर रखकर निजी स्वार्थों के लिए पास किए जा रहे हैं।

## कुछ किलोमीटर में ही 10 से अधिक पैलेस-रेस्त्रां खुलवाए

ग्लाडा के हालात यह है कि कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही 10 से अधिक मैरिज पैलेस और रेस्त्रां खुलवाए जा चुके हैं। अगर जमीनीं स्तर पर देखें तो फुल्लावाल चौक से लेकर बाथ कैसल तक 10 से अधिक पैलेस और रेस्त्रां खुलवाए जा चुके हैं। इन सभी को ग्लाडा द्वारा परमिशनें दी गई है।

## पक्खोवाल रोड पर आ रहे यह प्रोजेक्ट्स

वहीं बता दें कि पक्खोवाल रोड पर एक के बाद एक प्रोजेक्ट आने वाला है। जिसमें इल्डिको का एक प्रोजेक्ट, एजीआई के तीन प्रोजेक्ट, ओमेक्स रेजिडेंसी के सामने दो शॉपिंग कांप्लेक्स, सिंगला एन्क्लेव से आगे 3 से 4 प्रोजेक्ट्स चल रहे, आनंद एन्क्लेव के बाहर एक प्रोजेक्ट, सेट्रा ग्रीन बना और फिर उसके साथ एक प्रोजेक्ट का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा एक दर्जन प्रोजेक्ट की फाइलें पास होने को प्रोसेस में है।

**पहले से बने कई प्रोजेक्ट्स की हुई ग्रोथ...**वहीं इससे पहले पक्खोवाल रोड पर बने कई प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जा चुके हैं। जिसमें सोलीटियर होम्स के चार पॉट्स बने, बसंत एवेन्यू के 11 पॉट्स हो चुके हैं। इसके अलावा सिंगला एन्क्लेव में मां बग्लामुखी मंदिर और ठाकुर एन्क्लेव में गुरु जी का आश्रम बना है, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक है। वहां भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिस कारण उन्हें भी परेशानी आ रही हैं।

**ग्लाडा सीए ने नहीं उठाया फोन....**वहीं इस संबंधी ग्लाडा सीए संदीप कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# INTEXT एक्सपो 55 हजार से अधिक विज़िटर्स के साथ सफलतापूर्वक संपन्न





लुधियाना, 19 जनवरी (युटर्न टाइमज)। INTEXT एक्सपो का एक और प्रभावशाली संस्करण शानदार तरीके से संपन्न हो गया। प्रदर्शनी के दौरान कुल विज़िटर्स की संख्या 55,000 से अधिक रही, जिससे यह साफ हुआ कि INTEXT एक्सपो मैन्युफैक्चरर्स, खरीदारों और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के लिए एक भरोसेमंद और प्रमुख औद्योगिक मंच बन चुका है। ऑर्गनाइजर्स ने पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन का सहयोग के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से पूरे आयोजन के दौरान बेहतर मैनेजमेंट और सुचारु व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकीं। इसके साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानिंग (IIA पंजाब चैप्टर), IIA लुधियाना सेंटर, LAA, LIC, LCDIA और NPC सहित कई उद्योग संगठनों की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की गई, जिनके समर्थन से एक्सपो की सफलता को मजबूती मिली। एक्सपो में शामिल एग्ज़िबिटर्स ने विज़िटर्स की गुणवत्ता और गंभीरता की विशेष तारीफ की। कई कंपनियों ने बताया कि उन्हें अच्छा बिजनेस, मजबूत पूछताछ और उपयोगी लीड्स मिलीं, जिससे मार्केट से सकारात्मक प्रतिक्रिया का संकेत मिला। विज़िटर्स ने भी प्रदर्शित उत्पादों की विविधता, नवाचार और गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि एक ही छत के नीचे मैन्युफैक्चरर्स और सर्विस प्रोवाइडर्स से सीधा संवाद बेहद लाभकारी रहा। मजबूत भागीदारी, बेहतर बिजनेस एंगेजमेंट और संस्थागत समर्थन के साथ INTEXT एक्सपो ने एक बार फिर क्षेत्र में औद्योगिक विकास, नेटवर्किंग और सहयोग के लिए अहम मंच के रूप में अपनी भूमिका साबित की है।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, हरियाणा की परियोजनाओं पर हुई चर्चा

## एमआईएचएएन जैसी परियोजनाओं से हरियाणा को मिलेगी नई दिशा : रणबीर गंगवा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से नागपुर प्रवास के दौरान शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान हरियाणा में चल रही तथा प्रस्तावित सड़क, राजमार्ग, पुलों और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। श्री गंगवा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के सड़क एवं परिवहन क्षेत्र में



ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिनका लाभ हरियाणा को भी मिल रहा है।

नागपुर प्रवास के दौरान ही श्री रणबीर गंगवा ने देश की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजना मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब एंड एयरपोर्ट (MIHAN) का दौरा किया। उन्होंने एमआईएचएएन की आधुनिक तकनीक, एकीकृत लॉजिस्टिक प्रणाली और सुव्यवस्थित संचालन की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना औद्योगिक विकास, निर्यात और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल है। उन्होंने कहा कि एमआईएचएएन जैसे प्रोजेक्ट हरियाणा में विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। गंगवा ने कहा कि इस प्रकार के अध्ययन दौरों और वरिष्ठ नेतृत्व के साथ संवाद से विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को बल मिलता है और प्रदेश के समग्र विकास को नई गति मिलती है। इस दौरान उनके साथ पूर्व आईजी दलबीर भारती, पूर्व चैयरमैन सतबीर वर्मा भी मौजूद थे।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 मंगलवार, 20 जनवरी 2026



पेज 06 मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने...

# सीए के ऑफिस में रेड करने का विवाद बढ़ा, सभी सीए ने मिलकर डीसी ऑफिस बाहर किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा मांगपत्र

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। लुधियाना के कॉलेज रोड पर स्थित प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म अश्वनी एंड एसोसिएट्स के सीए अश्विनी कुमार के ऑफिस में हाल ही में बिना वारंट के पुलिस की एसआईटी की टीम द्वारा रेड कर जांच की गई थी। इस दौरान काफी मात्रा में सामान कब्जे में लिया गया। इस कार्रवाई को इललीगल बताकर विरोध करते हुए शहर के सभी सीए की और से सोमवार को डीसी ऑफिस के बाहर रोष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ज़िला टैक्सेशन बार एसोसिएशन (डायरेक्ट टैक्सेस), फेडरेशन ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन्स, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एन.जेड.), पंजाब टैक्स बार एसोसिएशन, इंडायरेक्ट टैक्सेज कंसल्टेंट्स एसोसिएशन, जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन (सेल्स टैक्स), टैक्स बार एसोसिएशन सहित सैकड़ों चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स, कंपनी सेक्रेटरीज, आईसीडब्ल्यूए तथा इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर्स मेंबर्स शामिल थे। इस दौरान उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद एक मांगपत्र डिप्टी कमिश्नर के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सीए विशाल गर्ग ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 96 के अनुसार पुलिस को सामान्यतः मजिस्ट्रेट से तलाशी वारंट प्राप्त करना आवश्यक है। वहीं किसी आपात स्थिति में कारण लिखित रूप में दर्ज कर तुरंत मजिस्ट्रेट को सूचित करना अनिवार्य है। परंतु इन प्रावधानों में से किसी का भी पालन नहीं किया गया और तलाशी बिना वारंट के की गई, जो पूरी तरह से इललीगल है।



## यह सीए रहे मौजूद

इस अवसर पर सीए विशाल गर्ग, सीए राजीव शर्मा, सीए राजीव कौशल, सीए आई.एस. खुराना, एडवोकेट इंदरसैन शर्मा, सीए कपिलदेव, सीए रुपिंदर पूरी, सीए सुभाष जैन, सीए सौरभ सहगल, एडवोकेट अशोक जूनजा, सीए साकेत गर्ग, सीए दीपक जैन, सीए विकास गोयल, एडवोकेट बॉबी शर्मा, सीए विकास शर्मा, एडवोकेट विवेक शर्मा, एडवोकेट इंदरसैन शर्मा, सीए साहिल गुप्ता, सीए मनिंदर कौर, सीए उपजीत कौर, सीए शिल्पा, सीए शालिनी, सीए विकास गुप्ता, सीए संजीव शर्मा, सीए रोहित गुप्ता, सीए गौरव गुप्ता, एडवोकेट पारस शर्मा, सीए राजेश महाजन, सीए राजेश गर्ग, सीए जस्मिंदर सिंह, सीए अमरजीत कम्बोज, सीए दास खन्ना, सीए हितेश गोयल, सीए महेश बंसल, सीए गगनदीप सिंह, सीए साहिल शर्मा, सीए सुरेश गोयल, सीए कुलभूषण गोयल, सीए रंजन सोनी, सीए स्वरन गोसल, सीए अनिल अग्रवाल, सीए रचित भंडारी, सीए नितिन महाजन, सीए प्रेम कुमार सहित लगभग 300 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स, कंपनी सेक्रेटरी और आईसीडब्ल्यूए पंजाब, जम्मू और चंडीगढ़ से उपस्थित रहे और पुलिस कार्रवाई पर अपना गहरा रोष व्यक्त किया।

## जबरन सामान कब्जे में लिया

इस दौरान सीए आई.एस. खुराना ने कहा कि 9 जनवरी को पंजाब पुलिस ने बिना किसी वैध वारंट के चार्टर्ड अकाउंटेंट के व्यावसायिक कार्यालय में अवैध व अनधिकृत तरीके से प्रवेश किया तथा कई क्लाइंट्स के गोपनीय प्रोफेशनल डेटा वाली हार्ड कॉपी फाइलें, 3 लैपटॉप और अन्य अभिलेख जब्त कर लिए। सीए राजीव कौशल ने कहा कि डीवीआर भी जबरन ले जाया गया। डीवीआर हटाया जाना स्वयं पुलिस की गलत कार्रवाई को छिपाने का प्रमाण है। यह भारत के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है, व्यक्तिगत अधिकारों पर सीधा आक्रमण है तथा विधि के शासन का गंभीर हनन है।

# सुविधाएं नहीं लुधियाना वासियों को सुबह से शाम तक मिल रहा सिर्फ जाम

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। लुधियाना में पूरा दिन लोग ट्रैफिक जाम से जूझते रहे। कहीं कट खुलने से तो कही ट्रैफिक व्यवस्था कंट्रोल करने को मुलाजिम न होने और वाहन सड़कों पर पार्क करने से लोग परेशान होते रहे। दरअसल, साउदर्न बाइपास पर पंचम अस्पताल के सामने सोमवार सुबह से ही कट खोलने के चलते सोमवार को वहां भारी ट्रैफिक जाम लग गया। जिस वजह से दोपहर तक वहां स्थिति ट्रैफिक के कारण खराब रही। इसकी सूचना एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह को मिली। जिन्होंने तुरंत कट बंद करवाया। जिसके बाद अलग अलग स्थानों पर ट्रैफिक मुलाजिम तैनात करके ट्रैफिक व्यवस्था को दरुस्त किया गया। हालांकि इस वजह से साउदर्न बाइपास, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, पक्खोवाल रोड, दुगरी रोड प्रभावित हुई। सभी सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लगा। जानकारी के अनुसार पंचम अस्पताल के आगे कट लंबे समय से बंद है। लेकिन किसी ने कट खोल दिया। जिस कारण सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे के बाद लोग कट से निकलने लगे और ट्रैफिक जाम होने लगा। करीब 11 बजे तक यहीं स्थिति रही। फिर ट्रैफिक विभाग ने स्थिति पर कंट्रोल किया।








## आत्म पार्क के पास सुबह से शाम तक जाम

वहीं आत्म पार्क चौक से लेकर चीमा चौक तक सुबह से लेकर शाम तक भारी ट्रैफिक जाम लगा रहा। जिस कारण जाम में फंसे कारोबारियों द्वारा यूटर्न टाइम अखबार को तस्वीरें भेजकर इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि दुगरी रोड पर मौजूद कार असेंसरी की दुकानों के दुकानदारों द्वारा सड़कों पर वाहन पार्क किए जाते हैं। जिससे वहां जाम लगता है। इसी के साथ आत्म पार्क चौक में ट्रैफिक मुलाजिम तो जरुर मौजूद रहते हैं, मगर ट्रैफिक कंट्रोल नहीं करते।

## स्कूली बच्चे व जॉब पर जाने वाले लोग प्रभावित

जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे के बाद जहां स्कूलों का टाइम हो जाता है, वहीं लोगों के ऑफिस जाने का भी समय वहीं है। जिस कारण सड़कों पर भारी मात्रा में आवाजाई रहती है। ऐसे में कट खुलने के कारण जहां स्कूली बच्चे परेशान हुए, वहीं जॉब पर जाने वाले लोग भी देरी से पहुंचे। हालांकि कट बंद करने के कारण बेशक ट्रैफिक जाम कम हुआ, लेकिन अंदरी इलाकों में दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रही।

## जनहितैषी द्वारा खबर चलाने पर हुआ असर

इस ट्रैफिक जाम संबंधी जनहितैषी न्यूज चैनल की और से खबर चलाई गई। जिस संबंधी मौके के हालात दिखाए गए। जिसके बाद एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह द्वारा तुरंत एक्शन लेते हुए मौके पर कट बंद करवाकर जाम खुलवाया गया।

# खन्ना में कपड़ा व्यापारी के घर तड़के फायरिंग, बाइक सवार बदमाशों ने की वारदात

खन्ना/यूटर्न/19 जनवरी। खन्ना के खटीका मोहल्ले में सोमवार तड़के अज्ञात हमलावरों ने कपड़ा व्यापारी और फैशन डिजाइनर आशु विजन की कोठी पर फायरिंग कर दी। आशु



विजन देव कलेक्शन के मालिक हैं और कई नामी पंजाबी कलाकारों के लिए डिजाइनिंग करते हैं, उनके आवास पर सुबह करीब 3 बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और वरिष्ठ अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस की फोरेंसिक टीम घटनास्थल से सबूत जुटा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि हमलावरों के रूट और उनकी पहचान का सुराग लगाया जा सके।

## कार को आग लगाने की कोशिश

हमलावरों ने गाड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश भी की। घटना के समय घर में आशु विजन, उनकी पत्नी, मां और दो बेटे मौजूद थे। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस रिकॉर्ड खंगाल रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस आशु विजन से किसी धमकी भरे कॉल, संदिग्ध व्यक्ति या शोरूम में हुए किसी विवाद के बारे में पूछताछ कर रही है।

# महिला विंग को मजबूत करने के लिए वार्ड ब्लॉक स्तर तक लगातार बैठकें की जा रही है: अजिंदर कौर



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। आम आदमी पार्टी महिला विंग मालवा जोन द्वारा महिलाओं को साथ जोड़ने हेतु ब्लॉक व वार्ड स्तर पर अहम बैठकों की कड़ी चलाई जा रही है तथा प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर रोजाना हजारों महिलाएं संगठन के साथ जुड़ रही है। उपरोक्त शब्द आम आदमी पार्टी महिला विंग मालवा सेंट्रल जोन इंचार्ज अजिंदर कौर ने स्थानीय आत्म नगर विधानसभा हल्के में पड़ते वार्ड न 42 और 44 के यूनिट की ब्लॉक प्रधान हरप्रीत पन्नू के निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहे। इस दौरान हल्का विधायक कुलवंत सिद्धू तथा जिला महिला विंग इंचार्ज मनीषा कपूर प्रमुख तौर पर उपस्थित थे। विधायक कुलवंत सिद्धू ने महिला विंग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पिछले समय दौरान मालवा जोन की प्रभारी अजिंदर कौर के नेतृत्व में टीम द्वारा बाढ़ राहत कार्यों में किए सराहनीय कार्यों का जिक्र भी किया। अजिंदर कौर ने बताया कि महिला विग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्व रोजगार के साधन उपलब्ध करवाए जा रहे है। इस बैठक में महिला विग की हल्का कॉर्डिनेटर सुखप्रीत कौर ब्लॉक प्रधान सुमनजीत कौर, डिम्पल वासन, वार्ड प्रधान परमजीत कौर, अमन, मीरा शर्मा, रिंपल और आसन सहित आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रधान विपण सेठी यूथ विंग कॉर्डिनेटर जसमीत सिंह रीगल और सोशल मीडिया प्रभारी गुरप्रीत राजा व अन्य भी उपस्थित थे।

# बिना नंबर प्लेट व दस्तावेजों के बाइक चलाना पड़ा भारी, 26 हजार का चालान काटकर बाइक इंपाउंड की





पंचकूला, यूटर्न, 19 जनवरी। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बीते दिन अभयपुर, सैक्टर-19 पंचकूला में सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान एक बाइक को रोककर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि बाइक चालक के पास वाहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौजूद नहीं था। इसके अलावा बाइक पर न तो नंबर प्लेट लगी हुई थी और न ही वह मोटर वाहन अधिनियम के नियमों के अनुरूप पाई गई। ट्रैफिक नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने मौके पर ही 26 हजार रुपये का चालान काटते हुए बाइक को इंपाउंड कर लिया।

सिटी ट्रैफिक एसएचओ ने बताया कि शहर में बिना दस्तावेज, बिना नंबर प्लेट, ओवरस्पीडिंग और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह के वाहन न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान के लिए भी खतरा बनते हैं। पुलिस का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना भी है, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

इस संबंध में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा, सड़क सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना दस्तावेज और बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना कानूनन अपराध है और ऐसे वाहन हादसों की आशंका को कई गुना बढ़ा देते हैं। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। हम आमजन से अपील करते हैं कि वे वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज साथ रखें, नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं और यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की सबसे बड़ी गारंटी है।

# कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ हमला मामला: सीबीआई कोर्ट का सख्त रुख, 5 पुलिसकर्मियों पर चलेगा ट्रायल

## जांच में खामियों के बाद अदालत ने कहा अभियोजन के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 19 जनवरी। आर्मी अधिकारी कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनके बेटे के साथ कथित मारपीट के मामले में अब कानूनी शिकंजा कसता नजर आ रहा है। मोहाली स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने इस प्रकरण में पंजाब पुलिस के पांच अधिकारियों को मुकदमे का सामना करने के आदेश दिए हैं। यह फैसला सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट और जांच में उजागर हुई गंभीर चूकों के आधार पर लिया गया।



अदालत ने इंस्पेक्टर रौनी सिंह, इंस्पेक्टर हैरी बोपराई, इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह ढिल्लों, इंस्पेक्टर शामिंदर सिंह और कांस्टेबल जय सिंह को भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं के तहत तलब किया है। कोर्ट का कहना है कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य प्रथम दृष्टया आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। सीबीआई की जांच के मुताबिक यह घटना उस समय हुई, जब कर्नल बाठ अपने पुत्र के साथ दिल्ली से पटियाला जा रहे थे। रात करीब सवा बारह बजे हरबंस ढाबे के पास उनकी गाड़ी को गलत दिशा से आए वाहनों ने रोक लिया। इसके बाद हुए विवाद में कथित तौर पर सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों पर हमला किया और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। चार्जशीट में राजिंदरा अस्पताल, पटियाला और एम्स द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है। मेडिकल दस्तावेजों के अनुसार, कर्नल बाठ को गंभीर चोटें आई थीं, जो हमले की गंभीरता को दशार्ती हैं।

सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में पटियाला पुलिस की प्रारंभिक जांच पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। एजेंसी के अनुसार, 14 मार्च 2025 को पीड़ित अधिकारी ने हमलावरों के नामों के साथ विस्तृत बयान दिया था, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसे एफआईआर के बजाय केवल डेली डायरी में दर्ज किया। इसके उलट, पहली एफआईआर ढाबा मालिक के बयान पर दर्ज की गई, जिससे मामले की दिशा ही बदल गई।

जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि अहम सीसीटीवी फुटेज समय पर जब्त नहीं की गई, कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण में देरी हुई और कई जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया। सीबीआई का आरोप है कि एक सेवारत आर्मी अधिकारी से जुड़े गंभीर मामले में निष्पक्षता से जांच नहीं की गई। अदालत ने सभी पहलुओं, गवाहों के बयान और साक्ष्यों का अध्ययन करने के बाद स्पष्ट किया कि आरोपित पुलिस कर्मियों के खिलाफ ट्रायल चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं।

# सीवन के गांव नागल, फिरोजपुर, माझला में आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक

कैथल, यूटर्न, 19 जनवरी। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर साहिल, एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रेखा व सोनिया, तथा एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर की टीम द्वारा थाना सीवन के गांव नागल, फिरोजपुर, माझला में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

# सेक्टर-7 से लापता हुए दो मासूम भाइयों को पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढकर परिजनों से मिलवाया

पंचकूला, यूटर्न, 19 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने अपनी संवेदनशीलता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए सेक्टर-7 क्षेत्र से लापता हुए दो मासूम भाइयों को सुरक्षित ढूंढ निकाला है। यह घटना उस समय शुरू हुई जब सेक्टर-7 के रहने वाले दो भाई, जिनमें बड़े की उम्र लगभग 10 वर्ष और छोटे की लगभग 6 वर्ष है, घर से पास के कम्युनिटी सेंटर में खेलने की बात कहकर निकले थे। जब देर शाम तक बच्चे घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर घबराए परिजनों ने तुरंत सेक्टर-7 थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सेक्टर-7 थाना की टीम ने आसपास के पार्कों, गलियों और मार्केट क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की इस मुस्तैदी का परिणाम यह रहा कि देर रात सब-इंस्पेक्टर प्रदीप की टीम ने दोनों बच्चों को सैक्टर-7 थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों के मिलते ही परिजनों की जान में जान आई और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।



**डीसीपी सृष्टि गुप्ता का संदेश:** पंचकूला पुलिस नागरिकों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं अभिभावकों से भी अपील करती हूँ कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत 'डायल 112' या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

# गरीबी की परछाईं में दब गई मासूम ज़िंदगी, नवजात मामला: कोर्ट ने दंपती को सशर्त राहत दी

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। सेक्टर-9 इलाके में नवजात बच्ची का शव मिलने से जुड़े मामले में अदालत ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। झाड़ियों में बच्ची का शव फेंकने के आरोप में गिरफ्तार दंपती को अदालत ने सजा सुनाने के बजाय अच्छे आचरण की शर्त पर रिहा कर दिया। यह मामला सितंबर 2025 का है, जब एक सैलून के पास झाड़ियों में नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्ची के जन्म के बाद उसके माता-पिता ने ही डर और सामाजिक दबाव में शव को वहां फेंक दिया था। घटना के बाद दोनों मौके से फरार हो गए थे, जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



दंपती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 94 और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और अपने कृत्य पर गहरा पछतावा जताया। कोर्ट को बताया गया कि दंपती दिहाड़ी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं, उनके पहले से पांच छोटे बच्चे हैं और रहने के लिए स्थायी छत तक नहीं है। वे रैन बसेरे में रहकर गुजारा कर रहे थे। आर्थिक तंगी, बेघरपन और असहाय हालात ने उन्हें ऐसा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया, जिसे वे खुद भी जीवन भर नहीं भुला पाएंगे। अदालत ने दंपती की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों, अपराध स्वीकारने और भविष्य में अच्छा आचरण बनाए रखने के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए सशर्त राहत दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह मामला केवल कानून के उल्लंघन का नहीं, बल्कि सामाजिक विफलताओं की भी तस्वीर पेश करता है।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 मंगलवार, 20 जनवरी 2026


पेज 08 जगरांव नगर परिषद में सियासी उलट-फेर...

# म्यूल खातों के जरिए घूम रहा था साइबर ठगी का पैसा, चंडीगढ़ से 9 युवक दबोचे

## ऑपरेशन म्यूल हंट में ट्राईसिटी नेटवर्क उजागर, कई राज्यों की ठगी से जुड़े थे खाते

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के पैसों को इधर-उधर करने वाले एक सक्रिय नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन म्यूल हंट' के तहत की गई, जिसमें सामने आया कि ट्राईसिटी के बैंक खातों का इस्तेमाल देशभर में हुई साइबर ठगी की रकम को छिपाने और आगे भेजने के लिए किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपने नाम पर खुले बैंक खातों को साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन खातों के जरिए ठगी की रकम पहले जमा की जाती, फिर उसे अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया जाता या नकद निकाल लिया जाता था, ताकि पैसे का असली स्रोत छुपाया जा सके। इस पूरे नेटवर्क का खुलासा गृह मंत्रालय के 14सी पोर्टल से मिली इनपुट के बाद हुआ। जांच में पाया गया कि चंडीगढ़ से जुड़े कई खाते देश के अन्य राज्यों में दर्ज साइबर ठगी मामलों से लिंक थे। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजैक्शन ट्रेल के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ऋतिक, रिदम, आकाश, मोहम्मद दानिश, चारदास, अर्चित, मोहम्मद तोशिक, दिलप्रीत सिंह और अंकित के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2), 317(2), 61(2), 318(4) और 351(2) के तहत अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।



# रेलवे स्टेशन पर तैनात GRP थाना बना खतरे का ठिकाना, हाईकोर्ट ने तय की दो महीने की डेडलाइन

## ब्रिटिश दौर की इमारत में दरारें, असुरक्षित मालखाना और सुरक्षा में बड़ी चूक उजागर

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (GRP) थाना भवन की बदहाल स्थिति को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने माना कि दशकों पुरानी इस इमारत की जर्जर हालत न केवल पुलिस कर्मियों के लिए खतरा है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा को भी प्रभावित कर रही है।

जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आया कि ब्रिटिश काल में निर्मित GRP थाना भवन में छत से पानी टपकता है, दीवारों में गहरी दरारें हैं और कई हिस्सों के गिरने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा खुले बिजली के तार, सुरक्षित मालखाने का अभाव, खिड़कियों और चारदीवारी की कमी जैसी गंभीर खामियां भी सामने आई हैं, जिससे हिरासत में रखे आरोपियों के फरार होने का जोखिम बना रहता है।

याचिका दायर करने वाली अधिवक्ता सुनैना ने अदालत को बताया कि वर्षों से इस भवन की न तो मरम्मत कराई गई और न ही किसी तरह का आधुनिकीकरण किया गया, जबकि उसी परिसर में रेलवे स्टेशन का करोड़ों रुपये का पुनर्विकास कार्य चल रहा है। उन्होंने खराब हालात से जुड़े फोटो, समाचार रिपोर्ट और लिखित शिकायतें अदालत के समक्ष रखीं।



# स्वास्थ्य ही असली सशक्तिकरण: फिक्की फ्लो लुधियाना ने 'हेल्थ एंड हार्मनी' शिविर के जरिए महिलाओं को किया जागरूक

लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए, फिक्की फ्लो (FICCI FLO) लुधियाना ने चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता जिंदल (2025-26) के नेतृत्व में 'FLO हेल्थ एंड हार्मनी' नामक एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया। सोमवार, 19 जनवरी 2026 को राख बाग स्टेडियम के पास लक्ष्मी लेडीज क्लब में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में निवारक स्वास्थ्य देखभाल (Preventive Care) और संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। लक्ष्मी लेडीज क्लब और संजीवनी काया शोधन संस्थान के सहयोग से आयोजित इस कैंप में महिलाओं को मुफ्त परामर्श और व्यक्तिगत स्वास्थ्य मूल्यांकन की सुविधा दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'डॉक्टर्स सेशन' रहा, जिसमें वरिष्ठ विशेषज्ञों ने पोषण, तनाव प्रबंधन और बीमारियों का समय पर पता लगाने (Early Detection) के महत्व पर चर्चा की।



# ठंड से जंग में समाज आगे आया, चंडीगढ़ में बेघर लोगों को 400 कंबलों की सौगात

## सेक्टर २०-२१ में चला मानवीय मदद का अभियान, सामाजिक संगठनों की संयुक्त पहल



चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। शहर में बढ़ती ठंड के बीच बेघर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सामाजिक संगठनों ने एक बार फिर मानवीय पहल की है। नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन ने सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन के सहयोग से शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अभियान के तहत सेक्टर 20 और 21 में करीब 400 कंबल बांटे गए, जिससे खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले लोगों को ठंड से बचाव मिल सके। आयोजन का उद्देश्य उन लोगों तक मदद पहुंचाना था, जिनके पास सर्द रातों में खुद को गर्म रखने के सीमित साधन होते हैं।

अभियान का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता राजीव कटारिया ने कहा कि सर्दियों की रातें बेघर लोगों के लिए सबसे कठिन समय होती हैं। ऐसे में एक कंबल न सिर्फ शरीर को गर्मी देता है, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का एहसास भी कराता है। इस मानवीय पहल में फैशन और सामाजिक जिम्मेदारी को जोड़ते हुए वर्निनी नामक कॉन्शियस फैशन ब्रांड ने भी सहयोग दिया। ब्रांड का मानना है कि पहनावे की गुणवत्ता और आराम दोनों ही समान रूप से अहम हैं, और यही सोच इस अभियान से जुड़ने का कारण बनी। चंडीगढ़ सीनियर सिटिजन्स एसोसिएशन के ईस्टर्न चैप्टर के कैशियर मनजीत सिंह बख्शी ने समाज के सभी वर्गों से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सर्दियों में सबसे ज्यादा असुरक्षित लोगों को राहत दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान जसज्योत सिंह, रुद्र महाजन, अनीश काकीराला, वर्तिका वधावन और नितेश महाजन सहित कई सामाजिक हस्तियों ने मौजूद रहकर इस पहल को समर्थन दिया।

# फिरोजपुर रोड पर बीएमडब्ल्यू को लगी आग, कार सवार लड़का-लड़की का हुआ बचाव

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। लुधियाना के फिरोजपुर रोड पर एमबीडी मॉल के पास सड़क पर चलती लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार को अचानक आग लग गई। कार चला रहे युवक ने जैसे ही बोनट से धुआं उठता देखा तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। जिसके बाद कार सवार लड़का लड़की ने भागकर अपना बचाव किया। कार के आगे वाले हिस्से में तेजी से आग फैली। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। तेज लपटों के कारण सड़क पर लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद फायर विभाग ने आग पर काबू पाया।



Uturn Time 20 Jan 2026_Layout 2 19-01-2026 11:04 Page 6



# मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाला अखंड महायज्ञ सुख व शांति का प्रतीक : संजीव अरोड़ा

## महायज्ञ में शामिल होकर बनें पुण्य के भागी : अमरीश जैन कंगारू

लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन महंत प्रवीण जी के सानिध्य में 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक किया जाएगा। देश भर में बैठे लाखों भक्त, राजनितिक, सामाजिक,धार्मिक प्रतिनिधियों को अखंड महायज्ञ के लिए निमंत्रण भेंट किए जा रहे है ।इसी कड़ी के तहत मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी,मां बगलामुखी के अन्नय भक्त सेवादार व पूर्व आईएएस मनप्रीत छतवाल,अंकुश गोयल,मानव





चड्डा,गौतम सचदेवा ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को अखंड महायज्ञ का निमंत्रण भेंट किया ।कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि उनका परम सौभाग्य है कि उन्हे 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में परिवार सहित सम्मिलित होने का सुअवसर मिलेगा।उन्होने मां बगलामुखी में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ को सुख व शांति का प्रतीक बताते हुए कहा कि महायज्ञ में जो भी भक्त सच्चे मन से आहुतियां डालते हैं मां उनके मनोकामनाएं पूरी करती हैं। कंगारू इडस्टीज के डायरेक्टर अमरीश जैन कंगारू ने वरूण जैन,रमन घई,दिनेश रल्ली की तरफ से दिए निमंत्रण को भाव सहित स्वीकार करते हुए कहा कि मां बगलामुखी धाम में महायज्ञ में आहुतियां डालना शहर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। इसलिए इस महायज्ञ में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। महंत प्रवीण जी कहा कि 11 फरवरी,2026 से अखंड महायज्ञ शुभारंभ होगा वही अखंड महायज्ञ की पूणार्हुति 21 फरवरी को डाली जाएगी।अखंड महायज्ञ के दौरान संत समाज प्रवचनो के माध्यम से विशेषतौर पर उपस्थित होकर मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करेगा । मां बगलामुखी धाम के सेवक मनप्रीत छतवाल ने कहा कि अखंड महायज्ञ के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है ।धाम के सेवक अधिक से अधिक परिवारों को धाम के साथ जोड़ कर उन्हें अखंड महायज्ञ के निमंत्रण प्रदान कर रहे है ।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Consumer Court के फैसले से नाखुश हों तो आगे कहाँ जाएँ?**

Consumer Court का फैसला आने के बाद कई बार उपभोक्ता या कंपनी को यह लगता है कि न्याय पूरी तरह नहीं मिला। ऐसे में आम सवाल उठता है—क्या Consumer Court का फैसला अंतिम होता है? और अगर नहीं, तो आगे किस मंच पर जाया जा सकता है?

कानून Consumer Court के फैसले के खिलाफ अपील (अस्त्रस्त्रीं') का अधिकार देता है। लेकिन यह अपील किसी भी जगह नहीं की जा सकती। Consumer Courts की एक स्पष्ट श्रेणी (Hierarchy) होती है, और उसी के अनुसार अगला मंच तय होता है।

यदि मामला District Consumer Court में तय हुआ है और पक्ष फैसले से असंतुष्ट है, तो वह State Consumer Commission में अपील कर सकता है। इसी तरह, State Consumer Commission के फैसले के खिलाफ अपील National Consumer Commission में जाती है। यदि National Commission के निर्णय से भी असहमति हो, तो सीमित परिस्थितियों में Supreme Court का दरवाजा खटखटाया जा सकता है।

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि अपील के लिए समय-सीमा (Limitation) होती है। Consumer मामलों में आम तौर पर फैसले की तारीख से 30 दिन के भीतर अपील दायर करनी होती है। देरी होने पर उसका उचित कारण बताना अनिवार्य होता है, वरना अपील तकनीकी आधार पर खारिज हो सकती है। अपील का मतलब यह नहीं होता कि पूरा केस फिर से शुरू हो जाएगा। ऊपरी मंच यह देखता है कि क्या निचले Consumer Court ने कानून, तथ्यों या प्रक्रिया में कोई गंभीर त्रुटि की है। इसलिए अपील भावनाओं के बजाय ठोस आधार पर की जानी चाहिए। यह भी समझना जरूरी है कि हर फैसला अपील योग्य नहीं होता। कई बार फैसला कानून के अनुसार सही होता है, भले ही किसी एक पक्ष को वह पसंद न आए। ऐसे में अपील करने से पहले सही सलाह लेना ही समझदारी होती है।

निष्कर्ष: Consumer Court का फैसला अंतिम जरूर नहीं, लेकिन हर असंतोष अपील का आधार भी नहीं होता। सही मंच, सही समय और सही कारण—इन तीनों के साथ की गई अपील ही प्रभावी होती है। जागरूक उपभोक्ता वही है जो भावनाओं में नहीं, बल्कि समझदारी से अगला कदम उठाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### संत-संन्यास, धन और सत्ता का विरोधाभास

हाल ही में सतुआ बाबा की टिप्पणी-जो सनातन को रोकेगा, उसे पोर्शे और डिफेंडर से कुचल दिया जाएगा - यह सवाल खड़ा करती है कि क्या सनातन की रक्षा हिंसक भाषा और शक्ति-प्रदर्शन से होती है ।सनातन परंपरा करुणा, संयम और वैराग्य की बात करती है, न कि धमकी और आक्रोश की। जब कोई स्वयं को धर्म का रक्षक बताता है, तो उससे अपेक्षा होती है कि वह अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करे।

विडंबना यह है कि जो गुरु अपने भक्तों को मोह-माया त्यागने का उपदेश देते हैं, वे स्वयं महंगी विदेशी गाड़ियों, निजी विमान और ऐश्वर्यपूर्ण जीवन से घिरे दिखते हैं। पाँच किलो सोने और चाँदी का मुकुट पहनकर वैराग्य का संदेश देना एक गहरे विरोधाभास को उजागर करता है। क्या सादगी का उपदेश वैभव के मंच से दिया जाना विश्वसनीय है? इसके समानांतर, शंकराचार्य का संगम तट पर प्रशासन सेटकराकर धरना देना भी धर्म और सत्ता के रिश्ते पर प्रश्न उठाता है। धर्म का उद्देश्य समाज को जोड़ना और नैतिक दिशा देना है, न कि आक्रामक बयानबाजी या शक्ति-प्रदर्शन। आज आवश्यकता है आत्ममंथन की-क्या धर्म की रक्षा दिखावे से होगी या चरित्र से? सच्चा गुरु वही है जो अपने जीवन से त्याग, संयम और सत्य का उदाहरण प्रस्तुत करे।

# सनातन सेवा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन

## दीपक बाली ,मेयर , विधायक हुए मुख्य तौर पर शामिल

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। मयार्दा पुरषोत्तम भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन सनातन सेवा समिति पंजाब द्वारा किया गया। जिसकी अगुवाई जिला इंचार्ज निखिल शर्मा, भारत शर्मा नौनी, साहिल पाठक, भारत सैनी सर्वजीत शर्मा व अन्यों द्वारा की गई।



शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय डाबा रोड़ से किया। जिसमें पंजाब सरकार के पर्यटन व सांस्कृतिक विभाग के सलाहकार दीपक बाली, विधायक अशोक पराशर पप्पी, राजिंद्रपाल कौर छीना, कुलवंत सिद्धू, समिति के राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर , समिति के जोन इंचार्ज वरुण मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ,महिला आयोग सदस्य अजिंद्र कौर, डिप्टी मेयर प्रिंस जोहर , ब्राह्मण वेलफेयर बोर्ड के प्रमुख पंकज शारदा सहित अन्य प्रमुख लोगों ने पहुंचकर पहले ज्योति प्रचंड की व यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा मार्ग में 67 के करीब विभिन्न मार्किट कमेटियों व धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लंगर लगाए गए और फूलों की वर्षा की गई। यात्रा श्री हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल डाबा रोड से शुरू होकर करतार चौक , मग्गड चक्की , ईट वाला चौक,लेबर चौक, क्वालिटी चौक, चिमनी रोड, जेड मोड़, मेड चक्की, बाबा मुकंद सिंह स्कूल, गुलाटी चौक , माता रानी रोड से होते हुए श्री वैष्णो देवी खाटू श्यामजी मंदिर जाकर सम्पन्न हुई।

# शिव वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने वेद मंत्रों के साथ किया भगवान भोलेनाथ का रुद्र अभिषेक

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। शिव वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों द्वारा चेहलां गाँव में स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ जी का विधिवत रुद्र अभिषेक वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया। यह पावन अनुष्ठान पं. अजय शास्त्री द्वारा संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से बिट्टू गुम्बर, पवन दीवान, इंद्रजीत टोनी, गौरव भगत, अजय भगत, जशनप्रीत सिंह, साहिल एवं मनदीप सिंह ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। पूजन के उपरांत शिव वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य बिट्टू गुम्बर ने कहा कि भगवान भोलेनाथ कृपा के सागर हैं। जो भी सच्चे मन से उनका स्मरण करता है, भोलेनाथ उसकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। वहीं पवन दीवान ने संक्षिप्त



रूप में कहा कि भगवान शिव की आराधना से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस रुद्र अभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की।

Uturn Time 20 Jan 2026_Layout 2 19-01-2026 11:05 Page 7



## जगरांव में 'पीला पंजा' बना तमाशा

# सिर्फ गेट तोड़कर उल्टे पांव भागा प्रशासन, पुलिस बोली- हमारा काम नहीं, काउंसिल ने बताया सांझी जंग

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। जगरांव के रानी वाला खूह इलाके में आज प्रशासन की कार्रवाई 'खोदा पहाड़ और निकली चुहिया' साबित हुई। भारी पुलिस फोर्स और जेसीबी के लाम लश्कर के साथ पहुंचा प्रशासन मीडिया से नजरें चुराता दिखा। मौके पर अधिकारियों के विरोधाभासी बयानों ने प्रशासनिक तालमेल की पोल खोलकर रख दी। हैरानी की बात यह रही कि इतना तामझाम जुटाने के बाद टीम ने केवल घर के गेट का एक पिलर तोड़ा और कार्रवाई बीच में ही छोड़कर वापस लौट गई। वहीं अगर निर्माण अवैध था और आरोपी नशा तस्कर था, तो कार्रवाई अधूरी क्यों छोड़ी गई? अगर सिर्फ गेट ही तोड़ना था, तो पूरे इलाके में दहशत का माहौल क्यों बनाया गया। इस कार्रवाई ने सिस्टम के दो विभागों नगर काउंसिल और पुलिस के बीच चल रही खींचतान को जगजाहिर कर दिया है। दोनों सुर अलग-अलग अलाप रहे थे।



### नशे और अवैध निर्माण पर हमारा संयुक्त प्रहार - ईओ

नगर काउंसिल के ईओ मोहित शर्मा ने इसे सोची-समझी रणनीति बताया। उनका तर्क था कि जिस घर पर कार्रवाई हो रही है, उसके मालिकों पर एनडीपीएस के केस दर्ज हैं। हम 9 महीने से नोटिस भेज रहे थे कि प्रॉपर्टी के कागज और नक्शा दिखाएं, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। यह कार्रवाई पुलिस और काउंसिल की सांझी जंग है।

### एसएचओ का तर्क - आरोपी क्रिमिनल, तोड़फोड़ हमारा काम नहीं

दूसरी तरफ, थाना सिटी के एसएचओ इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने पल्ला झाड़ लिया। उनका तर्क था कि काउंसिल के कहने पर हमने रिकॉर्ड चेक किया। आरोपी का नाम आकाशदीप है और उस पर 4 मुकदमे दर्ज जरूर हैं। लेकिन मैं साफ कर दूं कि यह घर गिराने की कार्रवाई सिर्फ नगर काउंसिल की है। पुलिस का इससे कोई लेना-देना नहीं। हम तो बस यहां प्रोटेक्शन (सुरक्षा) देने आए हैं ताकि कानून व्यवस्था न बिगड़े।

### ग्राउंड रिपोर्ट: 35 साल पुराना घर और रोते बिलखते परिजन

प्रशासन की इस आधे-अधूरे एक्शन से मोहल्ला निवासियों में भारी गुस्सा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की थ्योरी को खारिज कर दिया। जिस मकान पर पीला पंजा चलाया गया, वह 30-35 साल पुराना है। इसे परिवार ने पाई-पाई जोड़कर बनाया था। जिस आकाशदीप के नाम पर पुलिस कार्रवाई की बात कर रही है, वह पिछले 3 साल से इस घर में रह ही नहीं रहा। वहीं सवाल है कि अगर बेटा गलत है तो उसे सजा दें, लेकिन बुजुर्ग मां-बाप के सिर से छत छीनना कौन सा इंसाफ है।

### मंशा पर सवाल

सोमवार की घटना ने प्रशासन की कार्यशैली को नंगा कर दिया है। अगर आरोपी आकाशदीप पर 4 गंभीर मुकदमे थे, तो पुलिस उसे पकड़ने के बजाय सिर्फ 'प्रोटेक्शन' देने क्यों आई? और अगर काउंसिल को अवैध निर्माण गिराना ही था, तो सिर्फ एक खंभा तोड़कर खानापूर्ति क्यों की गई? यह कार्रवाई कानून का पालन कम और 'ड्रामा' ज्यादा नजर आई।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले भरत कौशल को पवन दीवान ने किया सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। लुधियाना शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने सोमवार बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप एवं विभिन्न श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक और ओवरऑल ट्रॉफी जीतने वाले भारत कौशल को सम्मानित किया। इस अवसर पर साथियों सहित कौशल की मेहनत की सराहना करते हुए, पवन दीवान ने कहा कि कुछ करने का जज्बा और कड़ी मेहनत आपको निश्चित रूप से सफलता दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार की



नाकामियों के कारण युवा नशे के दलदल में धंसते जा रहे हैं, ऐसे हालात में कौशल जैसे युवा सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, जो अनेक चुनौतियों के बावजूद अपने परिवार और देश का नाम रोशन करने से पीछे नहीं हटते। सरकार को चाहिए कि ऐसे युवाओं को नौकरियां देकर उनकी मदद करे।

इस अवसर पर कौशल ने दीवान और उनके साथियों का धन्यवाद करते हुए, कहा कि उन्होंने हमेशा अनुशासन में रहकर अभ्यास करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत करने में विश्वास रखा है। वह भविष्य में भी अपनी मेहनत जारी रखेंगे। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा, परमिंदर कौशल, संजीवन कौशल, पीसीसी सदस्य सुशील मल्होत्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इंद्रजीत कपूर और हरभगत ग्रेवाल भी मौजूद रहे।

## मुल्लापुर दाखा के वार्ड नंबर 8 में ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता रैली



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। पार्षद बलविंदर सिंह बस्सन की लीडरशिप में म्युनिसिपल काउंसिल मंडी मुल्लांपुर के वार्ड नंबर 8 में ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए बलविंदर सिंह बस्सन ने कहा कि सरकार पंजाब से ड्रग्स को खत्म करने, गांवों, शहरों और कस्बों से ड्रग्स को खत्म करने, पूरे पंजाब को ड्रग-फ्री बनाने और पंजाब को रंगीन पंजाब बनाने के लिए अपने ड्रग मूवमेंट के लिए दिन-रात काम कर रही है। हम सभी का यह फर्ज है कि हम पार्टी लेवल से ऊपर उठकर सरकार और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन का साथ दें। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, सरवन सिंह, प्रिंस कुमार, काका ढट्ट, जगसीर सिंह, सुरेश कुमार, सतनाम सिंह हिस्सोवाल, जसप्रीत सिंह जस्सी, परमिंदर सिंह मान, हैप्पी सवाजपुर, बूटा सिंह धनोआ, जसवंत सिंह जस्सा, अमरीक सिंह, राजबीर सिंह गिल, तेजिंदर सिंह, भगत टहल सिंह, कुलविंदर सिंह, डॉ. भूपिंदर सिंह इंचार्ज पीएचसी, एएसआई कुलदीप सिंह, चमकोर सिंह, कीर्ति गोयल, खुशप्रीत कौर, कोमल आदि मौजूद थे।

## सरपंच द्वारा शराब पीकर बेअदबी करने का केस नहीं दर्ज कर रही पुलिस - जगरूप सिंह, इंदरजीत सिंह

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। गांव लिहान के गुरुद्वारा नानकसर मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य इंदरजीत सिंह और पूर्व



पंच जगरूप सिंह ने दाखा थाने में शिकायत दी थी कि हमारे गांव के सरपंच हरप्रीत सिंह और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर 1 जनवरी को रात गुरुद्वारा साहिब की बेअदबी की, जिसे लेकर गांव के लोगों में भारी रोस है। इस संदर्भ में सत्कार कमेटी भी इसका नोटिस ले रही है। लेकिन दाखा थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिस कारण गांववासियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि अगर दाखा थाने की पुलिस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की तो थाने का घेराव किया जाएगा और रोष धरना दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर उन्होंने सिख संगठनों और एसजीपीसी से अपील की कि वे हमारा साथ दें ताकि गुरु घरों की बेअदबी को रोका जा सके। जांच अधिकारी एएसआई इंदरजीत सिंह ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्हें अभी तक एप्लीकेशन नहीं मिली है, जबकि मुंशी गगनदीप सिंह का कहना है कि एप्लीकेशन मार्क करके करीब एक हफ्ता पहले एएसआई इंदरजीत सिंह को दे दी गई थी। जब इस बारे में सरपंच हरप्रीत सिंह से बात की तो उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## समाज सेविका रितू जौहर हुई भाजपा परिवार में शामिल, देबी ने किया स्वागत



लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनहितैषी नितियो से प्रभावित होकर समाज सेविका रितू जौहर ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा ने स्थानीय ईसा नगरी स्थित विधानसभा सैंट्रल कार्यलय पंहुचने पर रितू जौहर का स्वागत कर पार्टी में शामिल करवाया। गुरदेव शर्मा देबी ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर स्वागत करते हुए कहा रितू जौहर के भाजपा में शामिल होने पार्टी का जमीनी स्तर पर आधार बढ़ेगा। प्रतिदिन भाजपा में शामिल होने वाले समाज सेवको, राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की बढ़ती कतारों पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा भाजपा के प्रति जनमानस का बढ़ता रुझान वर्ष-2027 में भाजपा के सतासीन होने का साफ संकेत है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश दत शर्मा, पूर्व पार्षद गुरदीप सिंह नीटू, पूर्व पार्षद चौधरी यशपाल व भाजपा नेत्री रीना जैन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# जगरांव नगर परिषद में सियासी ऊलट-फेर, कंवरपाल सिंह बने सीनियर वाइस अध्यक्ष और जग्गी वाइस अध्यक्ष

## हल्का इंचार्ज जग्गा ने बागियों पर की कार्रवाई, 4 कांग्रेसी पार्टी से निष्कासित, विरोधी गुट ने किया बहिष्कार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। स्थानीय नगर परिषद जगरांव में सोमवार सियासी पारा उस समय चरम पर पहुंच गया जब प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम उपिंदरजीत कौर की अध्यक्षता में सीनियर वाइस अध्यक्ष (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) और वाइस अध्यक्ष (उपाध्यक्ष) की चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। लगभग एक घंटे चली इस अहम बैठक में हल्का विधायक बीबी सरबजीत कौर माणूके विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस दौरान पार्षद कंवरपाल सिंह को सीनियर वाइस अध्यक्ष और पार्षद जगजीत सिंह जग्गी को वाइस अध्यक्ष चुना गया।





### पारदर्शी तरीके से हुआ चुनाव: एसडीएम

चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए एसडीएम उपिंदरजीत कौर ने बताया कि कुल 22 पार्षदों में से आज की बैठक में 9 पार्षद और विधायक माणूके समेत कुल 10 सदस्य उपस्थित थे। कोरम और अन्य पार्षदों की गैर-मौजूदगी के सवालों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चुनाव माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के आधार पर और पूरी पारदर्शिता के साथ कराया गया है, जिसकी बाकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई है।

### विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार: विधायक माणूके

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विधायक सरबजीत कौर माणूके ने कहा कि पिछले कुछ समय से प्रस्ताव पास न होने के कारण शहर के विकास कार्य ठप पड़े थे, लेकिन अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। उन्होंने ऐलान किया कि आज ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का प्रोजेक्ट पास किया गया है, जिससे शहरवासियों को गंदगी से जल्द निजात मिलेगी।

### कांग्रेस में फूट: 'बागी' कांग्रेसियों पर गिरी गाज

दूसरी ओर, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष जतिंदर पाल राणा के गुट और कांग्रेस पार्टी ने इस चुनावी प्रक्रिया का पूर्ण बहिष्कार किया। कांग्रेस के हल्का इंचार्ज जगतार सिंह जग्गा हिस्सोवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि उनके पास 12-13 पार्षदों का समर्थन है और वे अपना प्रधान बनाने का दम रखते हैं, लेकिन पूर्व अध्यक्ष राणा को जबरन हटाए जाने के विरोध में उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के भीतर की फूट भी जगजाहिर हो गई। जगतार सिंह जग्गा ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले कांग्रेसियों राज भारद्वाज, रविंदर कुमार सभरवाल, अजीत ठुकराल और अमरनाथ कल्याण, पर पार्टी की पीठ में छुरा घोंपने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने पहले भी पार्टी छोड़ी थी, लेकिन 'घर वापसी' के नाम पर उन्हें फिर शामिल किया था, मगर उन्होंने फिर विश्वासघात किया है।

### नए पदाधिकारियों ने दिलाया भरोसा

नए चुने गए सीनियर वाइस अध्यक्ष कंवरपाल सिंह ने भरोसा दिलाया कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाएगा और पिछले चार वर्षों से लटके विकास कार्य दो-चार दिनों में ही शुरू कर दिए जाएंगे। वहीं, वाइस अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गी ने कहा, हम बातों से नहीं, काम से जवाब देंगे।

### पंजाब प्रधान से बात कर लिया एक्शन

जग्गा हिस्सावाल ने सख्त लहजे में कहा कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से सलाह-मशविरे के बाद इन चारों कांग्रेसियों को पार्टी से तुरंत प्रभाव से निष्कासित (बरखास्त) करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अनुशासनहीनता को भविष्य में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जगरांव नगर कौंसिल में राजनीतिक भूकंप, कांग्रेस ने 4 वरिष्ठ नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित

## मीत उपाध्यक्ष के चुनाव को बताया असंवैधानिक

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। जगरांव नगर परिषद की राजनीति में आज तब बड़ा धमाका हुआ जब कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में अपने चार वरिष्ठ नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके साथ ही कांग्रेस ने सत्ता पक्ष द्वारा करवाई जा रही मीत उपाध्यक्ष की चुनाव को कोरम की कमी के कारण अवैध करार दिया है। हलका प्रभारी व पूर्व विधायक जगतार सिंह जग्गा हिस्सोंवाल और पूर्व जिला अध्यक्ष करनजीत सिंह सोनी गालिब की अगुवाई में हुई आपातकालीन बैठक के दौरान रविंदर सभरवाल फीना (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), ठेकेदार राज भारद्वाज, अमरनाथ काला कल्यान, अजीत सिंह राजू ठुकराल को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया गया। इस मौके पर सुखविंदर सिंह सिद्धू विशेष रूप से मौजूद थे। नेताओं ने बताया कि इस बारे में औपचारिक ऐलान जल्द ही पंजाब कांग्रेस की ओर से किया जाएगा। कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि इन बागी सुरों वाले नेताओं को पहले कई बार सुधरने का मौका दिया गया था, लेकिन अब पानी सिर से निकल चुका था। निष्कासन का मुख्य कारण आज नगर कौंसिल में हुई वरिष्ठ व जूनियर मित उपाध्यक्ष की चुनाव बना।



**आप की मदद के लिए पहुंचे पारिवारिक सदस्य ...** इन नेताओं के पारिवारिक सदस्य (जो कि कौंसलर हैं) पार्टी के फैसले के उलट जाकर आम आदमी पार्टी की मदद के लिए पहुंचे। जिनमें अनीता सभरवाल (रविंदर सभरवाल की पत्नी), सुधा भारद्वाज (राज भारद्वाज की पत्नी), परमिंदर कौर (काला कल्यान की पुत्रवधू) और रजिंदर कौर (राजू ठुकराल की पत्नी) शामिल हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस ने अपने कौंसलरों को मीडिया के समक्ष पेश करके एकजुटता का प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक जग्गा ने कहा कि 22 पार्षदों वाली नगर कौंसिल में चुनाव के लिए कम से कम 12 पार्षदों (कोरम) का होना जरूरी है, जबकि सत्ता पक्ष के पास बैठक में 10 पार्षद भी मौजूद नहीं थे। इसलिए आज की चुनाव असंवैधानिक और अवैध है।

**कांग्रेस ने समर्थन का किया दावा...** कांग्रेस ने दावा किया कि उन्हें अपने पार्षदों के अलावा शिरोमणि अकाली दल की पार्षद रंजीत कौर सिद्धू और भाजपा की पार्षद दर्शना देवी की भी मदद हासिल है। इस मौके पर कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के दौरान निम्नलिखित जरनैल सिंह लोहट, रमेश कुमार मेशी सहोता, गुरप्रीत कौर ततला, अमन कपूर बॉबी, डिम्पल गोयल, हिमांशु मलिक, बिक्रम जस्सी, कविता कक्कड़, सुखदेव कौर धालीवाल। अन्य नेताओं में राजेशिंदर सिद्धू, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह धालीवाल, सरबजीत सिंह खेहरा, डॉ. इकबाल सिंह धालीवाल, सतिंदरजीत ततला, रोहित गोयल रॉकी, संजे कक्कड़ पटवारी, हरदीप सिंह लक्की, अश्वनी कुमार और तरसेम सेमा आदि नेता हाजिर थे।

# कर भला हो भला संस्था ने विद्यार्थियों को बांटे गर्म वार्मर



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 जनवरी। जगरांव की समाज सेवी संस्था कर भला हो भला संस्था ने आज जगरांव के सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल गर्ल्स अगवार गुज्जर, जामुन वाला स्कूल की 150 छात्राओं को गर्म कपड़े बांटे। इस मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा और अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि सोसाइटी लगातार समाज सेवा के कामों को प्राथमिकता दे रही है और इसी कड़ी के तहत आज सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल गर्ल्स अगवार गुज्जर, जामुन वाला स्कूल की 150 लड़कियों को गर्म कपड़े बांटे, ताकि वे ठंड से छात्राओं को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सोसाइटी समय-समय पर स्कूलों और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में पढ़ने वाले छात्राओं की मदद के लिए समाज सेवा के प्रोजेक्ट करती रही है। उन्होंने उन सभी डोनर्स और सपोर्टर्स का भी धन्यवाद किया जो अपनी अच्छी कमाई से लगातार सोसाइटी को डोनेशन दे रहे हैं। इस मौके पर सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल गर्ल्स अगवार गुज्जर (जमना वाला स्कूल) की मनजिंदर कौर, एचटी निर्मल रानी, साधना, इंदरप्रीत सिंह, सीमा रानी, राजविंदर कौर के साथ सोसायटी के पैट्रन सुनील बजाज, विशाल शर्मा प्रेसिडेंट, नीरज कटारिया कैशियर, कंवल कक्कड़ सेक्रेटरी, नानेश गांधी पीआरओ, डॉ. मदन लाल वाइस चेयरमैन, नीरज मित्तल वाइस प्रेसिडेंट पंकज सिडाना, मोहित जैन, भूपिंदर सिंह मुरली वगैरह मौजूद थे।

Uturn Time 20 Jan 2026_Layout 2 19-01-2026 11:05 Page 9



# हर साल 500 से ज्यादा बच्चे लापता, चंडीगढ़ में रिकवरी सिस्टम पर उठे सवाल

## 5 साल में 2600 से अधिक गुमशुदा, दो-तिहाई बच्चों का अब तक कोई पता नहीं

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 जनवरी। देश की योजनाबद्ध और सुरक्षित राजधानी माने जाने वाले चंडीगढ़ में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। पिछले पांच वर्षों में शहर से 2600 से अधिक बच्चे लापता हुए, लेकिन इनमें से अधिकांश का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। सरकारी आंकड़े यह संकेत दे रहे हैं कि गुमशुदा बच्चों को ढूंढने की मौजूदा व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच चंडीगढ़ से कुल 2649 बच्चे गायब हुए। इनमें से केवल 893 बच्चों को ही पुलिस ट्रेस कर सकी, जबकि करीब 67 प्रतिशत बच्चे आज भी




लापता हैं। यानी हर तीन में से दो बच्चे अब तक घर नहीं लौट पाए।

साल-दर-साल स्थिति लगभग एक जैसी बनी रही। 2019 में 528 बच्चों के लापता होने के मामले दर्ज हुए, लेकिन महज 172 बच्चों को ही बरामद किया जा सका। 2020 में 509 मामलों में से 153 बच्चे मिले। 2021 में 536 बच्चों के लापता होने की रिपोर्ट आई, जिनमें केवल 181 को ट्रेस किया गया। इसी तरह 2022 में 523 मामलों में से 161 और 2023 में 553 मामलों में सिर्फ 226 बच्चों को खोजा जा सका।

आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि राजधानी चंडीगढ़ की तुलना में पड़ोसी राज्य बच्चों की बरामदगी में कहीं बेहतर स्थिति में हैं। 2023 में हरियाणा में 4611 लापता बच्चों में से 2740 को खोज निकाला गया, जबकि चंडीगढ़ का रिकवरी प्रतिशत इससे काफी कम रहा। यह अंतर चंडीगढ़ की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

बाल अधिकारों से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार कम रिकवरी दर यह दर्शाती है कि न तो विशेष जांच टीमें पर्याप्त रूप से सक्रिय हैं और न ही तकनीकी व जमीनी स्तर पर समन्वय मजबूत किया गया है। उनका मानना है कि बच्चों की गुमशुदगी को सामान्य अपराध की तरह लेने के बजाय इसे एक गंभीर सामाजिक आपात स्थिति के रूप में देखा जाना चाहिए।

हर साल सैकड़ों बच्चों का लापता होना न सिर्फ पुलिस व्यवस्था, बल्कि प्रशासनिक निगरानी और सामाजिक सुरक्षा तंत्र की भी बड़ी परीक्षा बन गया है। सवाल यह है कि क्या आने वाले वर्षों में चंडीगढ़ इस चुनौती से निपटने के लिए कोई ठोस और असरदार रणनीति तैयार कर पाएगा।

# गुरदासपुरः जिला टाउन प्लानर रिश्वत लेते गिरफ्तार



गुरदासपुर, यूटर्न, 19 जनवरी। जिला टाउन प्लानर रितिका अरोड़ा को 1 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में विजिलेंस ब्यूरो ने गिरफ्तार किया। मामला पुलिस स्टेशन विजिलेंस ब्यूरो, रेंज अमृतसर में एफआईआर नंबर 02 दिनांक 19-01-2026 के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता गुरजीत सिंह, निवासी गांव लेहल, ने आरोप लगाया कि उसने अप्रैल 2025 में गांव लेहल में 7 कनाल 17.5 मरले जमीन खरीदी थी और उस पर प्लॉट तैयार करवाकर रजिस्ट्री के लिए तहसील में आवेदन दिया था।

शिकायत के अनुसार, जब गुरजीत सिंह ने मामले की स्थिति पूछी, तो रितिका अरोड़ा ने उसे बताया कि दस्तावेज सही हैं, लेकिन कॉलोनी का काम मुफ्त में नहीं हो सकता और प्रत्येक प्लॉट के लिए 1,00,000 रुपये रिश्वत देने होंगे।

शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार किया और विजिलेंस ब्यूरो, गुरदासपुर से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर ट्रैप लगाया गया और रितिका अरोड़ा को उसके कार्यालय में 1,00,000 रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस अधिकारी ने बताया कि यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का उदाहरण है और इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# चेक से धोखाधड़ी से पैसे निकलवाने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दो आरोपी काबू



रवि जैस्ट

कैथल, यूटर्न, 19 जनवरी। आमजन से धोखाधड़ी करके रुपए हड़पने वाले आरोपियों पर एसपी उपासना के आदेश अनुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही चैक से छेड़छाड़ करके धोखाधड़ी से 4 लाख रुपए हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुराना रोड कैथल निवासी राजकर्ण की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को खुराना रोड के ही रहने वाले दीपक ने उसे 4 लाख रुपए का चेक दिया था। उसने उस चेक को बैंक के चेक बॉक्स में डाल दिया था। शिकायत अनुसार इसके बाद बैंक शाखा प्रबंधक ने मिलीभगत से चेक को बॉक्स से निकाल लिया। कॉर्नर से ब्लेड द्वारा क्रॉस हटाकर चेक किसी अन्य राजकर्ण के खाते में लगा दिया, जिससे उसके साथ 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। जब उसने बैंक में जाकर शाखा प्रबंधक से पूछा तो जवाब मिला कि चेक क्लियर हो चुका है। धमकी दी कि जो कर सकते हो कर लो। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में पी एस आई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांधीनगर जम्मू कश्मीर निवासी सुनील तथा रायपुरा जिला फाजिल्का पंजाब निवासी गुरदित्ता सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त मामले में पहले ही आरोपी विक्रम नगर जम्मू निवासी दीपक को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच दौरान सामने आया था कि सभी आरोपी बैंकों से इस तरह चेक चोरी करके धोखाधड़ी से रुपए हड़पते है। इस मामले भी आरोपियों द्वारा साथ मिलकर बैंक के चेक बॉक्स से चेक चुरा कर यह रुपए धोखाधडी से हड़पे हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार के धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज है। आरोपी सुनील के कब्जे से एक पेंसिल बरामद की गई है, जिस पेंसिल से आरोपियों द्वारा चैक से छेड़छाड़ की गई थी। दोनों आरोपियों का व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

# फूड कमीशन के सदस्य ने सरकारी स्कूलों का सरप्राइज विज़िट किया - स्कूल और आंगनवाड़ी सुविधाओं का इंस्पेक्शन किया



शिव कौड़ा

फगवाड़ा, यूटर्न, 19 जनवरी। पंजाब स्टेट फूड कमीशन के सदस्य विजय दत्त ने सोमवार को कपूरथला ज़िले के ब्लॉक फगवाड़ा-2 के गांव नांगल माझा में सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी सेंटरों का सरप्राइज इंस्पेक्शन किया। यह इंस्पेक्शन नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट (NFSA) के तहत चल रही न्यूट्रिशन और फूड सिक्योरिटी स्कीमों को जमीनी स्तर पर लागू करने का अंदाजा लगाने के लिए किया गया था। विज़िट के दौरान, दत्त ने मिड-डे मील की क्वालिटी, किचन की सफ़ाई, खाने की सप्लाई के स्टोरेज और साफ-सफाई के पूरे इंतजाम का रिव्यू किया। उन्होंने मिड-डे मील वर्करों के रेगुलर हेल्थ चेक-अप की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित डिपार्टमेंट को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से खाने की क्वालिटी के बारे में भी बात की और उनके साथ खाना शेयर किया। दत्त ने निर्देश दिया कि बच्चों के लिए सुरक्षित और साफ पीने का पानी पक्का करने के लिए सभी स्कूलों में पीने के पानी की क्वालिटी की रेगुलर जांच की जाए। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब स्टेट फूड कमीशन का कंप्लेंट/हेल्पलाइन नंबर 9876764545 सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी सेंटर्स पर साफ-साफ दिखाया जाना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर बेनिफिशियरी आसानी से कंप्लेंट कर सकें। इंस्पेक्शन के बाद, दत्त ने कहा कि बच्चों की हेल्थ, न्यूट्रिशन और फूड सेफ़्टी से जुड़ी कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी अधिकारी गलती करेंगे, उनके खिलाफ सख़्त एक्शन लिया जाएगा।

# दोराहा में फिल्मी स्टाइल में एनकाउंटर, एसएचओ के सीने पर लगी गोली, बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई जान

## अंधाधुंध फायरिंग के बाद मुख्य आरोपी घायल, साथी सहित दबोचे गए बदमाश

नवीन गोगना

लुधियाना/दोराहा/यूटर्न/19 जनवरी। लुधियाना जिले के दोराहा क्षेत्र में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच सनसनीखेज मुठभेड़ हो गई। बदमाशों की गोली सीधे दोराहा थाने के एसएचओ आकाश दत्त के सीने पर जा लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहनने के कारण उनकी जान बाल-बाल बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी जख्मी हो गया और उसके साथी समेत दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। एसपी-डी पवनजीत चौधरी ने बताया कि पुलिस को वॉन्टेड आरोपी हरसिमरन मंड की मूवमेंट को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोराहा से रामपुर कैंट रोड की तरफ आ रही सफेद स्कॉर्पियो को घेर लिया। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की, पहले अपनी गाड़ी पुलिस वाहन से टकराई और फिर पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।



### आत्मरक्षा में की जवाबी फायरिंग

हमले में दो गोलियां पुलिस वाहन पर लगीं, एक गोली सीधे एसएचओ आकाश दत्त के सीने पर जा लगी। बुलेटप्रूफ जैकेट होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी को काबू कर लिया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद किए हैं और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड, नेटवर्क और संभावित बड़ी वारदात की साजिश की जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब में घना कोहरा, लुधियाना में विजिबिलिटी शून्य, 21 जनवरी से बारिश की संभावना

## अमृतसर सबसे ठंडा, हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट जारी

लुधियाना, यूटन्र, 19 जनवरी। पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। सोमवार से अगले तीन दिनों तक घने कोहरे की संभावना जताई गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। अमृतसर सहित कई जिलों में सुबह से धुंध छाई रही, जबकि लुधियाना के हलवारा क्षेत्र में विजिबिलिटी शून्य दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि फिलहाल शीतलहर चलने की संभावना नहीं है, लेकिन वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खराब दृश्यता के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो सकता है।



मौसम विभाग के अनुसार, 21 जनवरी से पंजाब में बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है। वहीं पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में 23 जनवरी को बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। तापमान की बात करें तो अगले 3 से 4 दिनों में पंजाब के न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 0.5 डिग्री और अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो सामान्य से करीब 3.9 डिग्री अधिक है।

पटियाला में अधिकतम तापमान 23 डिग्री और चंडीगढ़ में 23.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अमृतसर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 1.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि कोहरे में वाहन चलाते समय लाइट का प्रयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

# मोहाली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में विवाद,नए प्रधान की एकतरफा घोषणा खारिज

मोहाली, यूटर्न, 19 जनवरी। मोहाली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (MIA) की पूरी कार्यकारिणी समिति ने कथित तौर पर प्रधान पद को लेकर की गई एकतरफा घोषणा को सिरे से खारिज कर दिया है। समिति ने स्पष्ट किया कि बिना चुनाव प्रक्रिया के एमआईए के अगले प्रधान के रूप में डिप्लास्ट प्लास्टिक्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक गुप्ता के नाम की घोषणा संस्था के संविधान का उल्ट है। एमआईए के जनरल सेक्रेटरी दिलप्रीत बोपाराय ने कहा कि संस्था में अब तक सभी प्रधानों का चयन संस्था के मेमोरेंडम,



आर्टिकल्स और बाय-लॉज अनुसार सामान्य सभा द्वारा मतदान प्रक्रिया से किया जाता रहा है। इस प्रक्रिया को दरकिनार करना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान दोनों के खिलाफ है। वर्तमान प्रधान मुकेश बंसल ने बताया कि एमआईए परिसर के शांतिपूर्ण कब्जे को लेकर मामला डिस्ट्रिक एवं सेशन कोर्ट , मोहाली में विचाराधीन है। ऐसे में बिना उचित प्रक्रिया के नए प्रधान की नियुक्ति करना पूरी तरह अनुचित और अस्वीकार्य है।

कार्यकारिणी समिति ने लोकतांत्रिक शासन, कानून के शासन और एमआईए के संविधान की गरिमा बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी सदस्यों से स्थापित प्रक्रियाओं का सम्मान करने की अपील की है।

# देश व क्षत्रिय समाज का स्वाभिमान कायम रखने के लिए महाराणा प्रताप ने किया संघर्ष - डिंपल राणा



लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व महाराणा प्रताप राजपूत सभा ने महाराणा प्रताप जी की 429वीं पुण्यतिथि स्थानीय ढोलेवाल चौंक स्थित महाराणा प्रताप पार्क में मनाई। क्षत्रिय महासभा पंजाब इकाई के अध्यक्ष डिंपल राणा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में दोनो संगठनो के समूह सदस्यों ने महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा को फूल मालाएं अर्पित कर शत-शत प्रणाम किया। डिंपल राणा ने महाराणा प्रताप जी की शूरवीरता से भरपूर शौर्यगाथा का वर्णन करते हुए कहा मेवाड़ की भूमि पर जन्में महाराणा प्रताप बहादुर, न्यायप्रिंय व कुशल प्रशासक थे। उन्होने चितोडगढ़ पर मुगल साम्राज्य के ध्वज को अपनी कार्यकुशलता से मुगल सम्राट को हरा कर मेवाड़ का चप्पा-चप्पा आजाद करवा कर केसरिया ध्वज फहराया। आज ही के दिन 19 जनवरी 1597 को भारत माता का महान सपूत संसार से विदा हो गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष संत सिंह राणा, महासचिव डी.एस राणा,महाराणा प्रताप राजपूत सभा के अध्यक्ष राकेश मिन्हास, हिमाचल प्रांतीय सभा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर, गौतम ठाकुर, माम चंद राणा, अमनदीप राणा, आशू राणा, रणधीर परमार, अशोक जसरौटिया, सोनी राणा, डी.एस चौहान, राकेश राणा, गुलजार सिंह गुलेरिया, दिनेश राणा, जतिन्द्र सिंह, आर.पी चंदेल व गगन कुमार उपस्थित रहे।

# डेयरी कॉम्प्लेक्स का गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट दरिया में डाला जा रहा, संत सीचेवाल ने सहयोग की अपील की



लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। पिछले एक वर्ष से राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल बुड्ढा दरिया को प्रदूषण मुक्त करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। उनके प्रयासों से दरिया के पानी की गुणवत्ता में बड़े स्तर पर सुधार दर्ज किया गया है, जिसकी रिपोर्टें भी सामने आ चुकी हैं। लुधियाना समेत पूरे पंजाब के पर्यावरण प्रेमियों को उम्मीद जगी है कि संत बलबीर सिंह सीचेवाल के नेतृत्व में बुड्ढा दरिया स्वच्छता की ओर बढ़ रहा है। लेकिन कुछ अधिकारियों की लापरवाही इन उम्मीदों को झटका दे रही है, जिससे चल रहे स्वच्छता अभियान में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। बुड्ढा दरिया के प्रदूषण की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संत सीचेवाल ने ताजपुर डेयरी कॉम्प्लेक्स से बिना ट्रीटमेंट गंदा पानी दरिया में छोड़े जाने पर खिलाड़ी संस्था के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर दिखाया कि किस तरह अस्थायी रूप से बनाए गए ह्यसीचेवाल मॉडलह्न से छेड़छाड़ की जा रही है। ताजपुर डेयरी कॉम्प्लेक्स में गोबर और मूत्रजल के प्रबंधन की जिम्मेदारी खिलाड़ी संस्था की है, लेकिन वहां बरती जा रही लापरवाही के कारण डेयरियों से निकलने वाला मूत्रजल बिना उपचार के सीधे बुड्ढा दरिया में पहुंच रहा था। उल्लेखनीय है कि अमृत धर्म कांटा पुली के पास अस्थायी तौर पर बनाए गए सीचेवाल मॉडल के तहत तीन तालाब बनाए गए हैं, जिनसे प्रतिदिन 17 टिपर गोबर उठाया जा रहा है। यहां पानी का अस्थायी उपचार किया जा रहा है, लेकिन खिलाड़ी संस्था की लापरवाही के चलते दरिया में जा रहे मूत्रजल को लेकर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

# सीआईसीयू में पहुंचे आबकारी एवं कराधान चेयरमैन परमपाल सिंह बावा, MSME को मजबूत करने पर दिया जोर




लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। पंजाब आबकारी एवं कराधान विभाग के चेयरमैन परमपाल सिंह बावा ने चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) का दौरा कर उद्योगपतियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने पंजाब के एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में सीआईसीयू की सक्रिय भूमिका की सराहना की।

बावा ने कहा कि पंजाब के उद्योग अब गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय सप्लाई चेन की जरूरतों के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, टैक्स अवेयरनेस और पारदर्शी सिस्टम को आर्थिक विकास की रीढ़ बताया।

उन्होंने कहा, 'उद्योग और आबकारी-कराधान विभाग के बीच सहयोगात्मक और सुविधाजनक दृष्टिकोण से ही टिकाऊ विकास संभव है। विभाग प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और स्पष्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उद्यमी नवाचार और विस्तार पर ध्यान दे सकें।'

बावा ने सीआईसीयू द्वारा एमएसएमई को रेगुलेटरी कंप्लायंस, डिजिटलीकरण और बेहतर कार्यप्रणाली के लिए मार्गदर्शन देने के प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने विशेष रूप से सीआईसीयू अध्यक्ष श्री उपकार सिंह आहूजा और पूरी टीम के प्रयासों को सराहा, जो नियमित इंडस्ट्री इंटरैक्शन, सलाहकारी पहल और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बना रहे हैं।

इस मौके पर उद्योग प्रतिनिधियों ने बावा के दौरे को सरकार और उद्योग के बीच भरोसा बढ़ाने वाला कदम बताया।

## पंजाब के 424 पुलिस थानों से हटेंगी 75 हजार सीज गाड़ियां, हाईकोर्ट के आदेश पर सरकार ने दिया निर्देश

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 19 जनवरी। पंजाब के पुलिस थानों में वर्षों से खड़ी जब्त वाहनों की समस्या जल्द खत्म होने जा रही है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब के 424 पुलिस थानों में सीज की गई करीब 75,000 गाड़ियों को हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

सरकारी आदेश के मुताबिक इन सभी वाहनों को 30 दिनों के भीतर थानों से हटाया जाएगा, ताकि थानों की जगह खाली हो सके और प्रशासनिक कामकाज में आ रही बाधाएं



दूर की जा सकें।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से जब्त वाहन पुलिस थानों में जंग खाकर खड़े थे, जिससे न केवल जगह घिरी हुई थी बल्कि सुरक्षा और सफाई की भी समस्या बनी हुई थी। इस मुद्दे को लेकर एक जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया था।

हाई कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब पुलिस ने पिटीशनर के साथ मिलकर एक व्यावहारिक एक्शन प्लान तैयार किया है, जिसके तहत सभी जिलों में वाहनों की पहचान, सूचीकरण और निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इन वाहनों को स्क्रैप, नीलामी या कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समय सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार का मानना है कि इस कदम से पुलिस थानों में अव्यवस्था खत्म होगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

# विधानसभा चुनाव 2027 संबंधी यूथ कांग्रेस द्वारा बैठकें आयोजित, युवा वर्ग का मिल रहा समर्थन - हैप्पी लाली, बॉबी मुंडे



लुधियाना/यूटर्न/19 जनवरी। पंजाब में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर लुधियाना जिले की यूथ कांग्रेस द्वारा कमर कस ली गई है। जिसके चलते लुधियाना यूथ कांग्रेस के जिला प्रधान हरजिंदर सिंह हैप्पी लाली द्वारा कांग्रेस पार्टी की नीतियों घर घर पहुंचाने के लिए अलग अलग वॉर्डों में जाकर बैठकें करनी शुरू कर दी हैं।

जिसके चलते संबंधित वॉर्डों के युवा वर्ग भी बैठकों में शामिल होकर पार्टी को अपना समर्थन दे रहा है। इस दौरान जिला प्रधान हरजिंदर सिंह हैप्पी लाली ने कहा कि उनकी तरफ से लुधियाना के अलग अलग इलाकों में जाकर बैठकें व मीटिंगें की जा रही है। वहीं रविवार को ढोलेवाल की विश्वकर्मा कॉलोनी में बैठक आयोजित की। इन बैठकों का मुख्य मकसद पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना और ज्यादा से ज्यादा युवा वर्ग को कांग्रेस के साथ जोड़ना है।

जिसका असर जमीनी सत्र पर देखने को भी मिल रहा है। हैप्पी लाली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दूसरी राजनीतिक पार्टियों के तरह झूठे दावे व हवा हवाई बातें नहीं करती। पार्टी और उनके लीडर जमीनी सत्र पर रहकर काम करते हैं, इसी के चलते युवा वर्ग खुद उन्हें समर्थन दे रहा है। इस दौरान जिला वाइस प्रेजिडेंट बॉबी मुंडे ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग मेंबरशिप लेकर पार्टी के साथ अटैच हो रहे हैं।

जिससे साफ जाहिर है कि पंजाब में 2027 में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। इस बैठक में जिला वाइस प्रधान बॉबी मुंडे, पंजाब यूथ कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट राहुल पुहाल, जग्गा कुलार, सुखवीर मठारू, एडवोकेट हरपिंदर, सागर मठारू, जगवीर हुंजण, गगन सैंभी, एडवोकेट हरपिंदर सिंह, हरमनजोत सिंह, बलविंदर लक्की, एडवोकेट रणदीप सिंह, गुरदीप सिंह, और मनी बिरला समेत अन्य युवा उपस्थित रहे।

## मेयर मेहता का मिशन विकसित बठिंडा: जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, मौके पर समाधान



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/19 जनवरी। शहर को विकास की नई दिशा देने के संकल्प के साथ मेयर पदमजीत सिंह मेहता द्वारा मिशन विकसित बठिंडा अभियान के अंतर्गत जनता नगर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान मेयर मेहता ने वार्ड निवासियों से सीधे संवाद करते हुए जनता नगर की गली नंबर 9 व 10 की प्रमुख जन समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। लोगों ने सीवर, सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके निपटारे के लिए नगर निगम की टीम को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए। मेयर मेहता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की परेशानियों को दूर करना उनका और नगर निगम का प्रथम कर्तव्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की जनता को हर तरह की परेशानियों से मुक्त कर रंगला पंजाब का निर्माण करना है। इसी सोच के तहत नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों व सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।



Uturn Time 20 Jan 2026_Layout 2 19-01-2026 11:05 Page 12



# खामेनेई की हत्या की बात बढ़ने पर ईरान ने युद्ध की धमकी दी

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जनवरी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार को चेतावनी दी कि देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर कोई भी हमला युद्ध की घोषणा माना जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खामेनेई की हत्या या उन्हें हटाने की कोशिश पर चल रही अटकलों के जवाब में, पेजेशकियन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा हमारे देश के महान नेता पर हमला ईरानी राष्ट्र के साथ पूर्ण युद्ध के बराबर होगा। ईरानी राष्ट्रपति ने पिछले दो हफ़्तों से ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के लिए अमेरिका को भी दोषी ठहराया, जिसमें हजारों प्रदर्शनकारियों की मौत हुई है। पेजेशकियन ने कहा, अगर ईरान के प्यारे लोगों के जीवन में कठिनाइयाँ और परेशानियाँ हैं, तो इसका एक मुख्य कारण अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों द्वारा लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी और अमानवीय प्रतिबंध हैं।



## अमेरिकी हमले की प्रभावशीलता पर उठाया सवाल

अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने बताया कि इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को चेतावनी दी थी कि इजराइल ईरानी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार नहीं है और उन्होंने अमेरिकी हमले की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया था। एक्सियोस के अनुसार, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी क्षेत्रीय स्थिरता के जोखिमों का हवाला देते हुए संयम बरतने का आग्रह किया था। एक अमेरिकी अधिकारी ने एक्सियोस को बताया, यह मामला बहुत करीब था और कहा कि हमले का आदेश कभी नहीं आया।

## खामेनेई के 40 साल के शासन को खत्म किया

ट्रंप ने पॉलिटिको को दिए एक इंटरव्यू में खामेनेई के लगभग 40 साल के शासन को खत्म करने की बात कही और उन्हें एक बीमार आदमी बताया जिसे अपने देश को ठीक से चलाना चाहिए और लोगों को मारना बंद करना चाहिए। ईरान में अशांति की नवीनतम लहर 28 दिसंबर को शुरू हुई जब बढ़ती महंगाई, गिरती मुद्रा और आर्थिक कठिनाइयों को लेकर व्यापक गुस्सा तेहरान से निकलकर देश भर के शहरों में फैल गया, जिससे रहने की लागत पर होने वाले प्रदर्शन तेजी से सरकार विरोधी विरोध प्रदर्शनों में बदल गए, जिसमें शासन बदलने की मांग की गई।

## ट्रंप ने ईरानियों से किया आग्रह

- पिछले मंगलवार को, ट्रंप ने ईरानियों से विरोध जारी रखने और अपने संस्थानों पर कब्जा करनेर का आग्रह किया, और उनसे कहा कि मदद रास्ते में है, क्योंकि ऐसी खबरें बढ़ रही थीं कि ईरान पर हमला होने वाला है। बुधवार को अमेरिका ईरान पर सैन्य हमले करने के करीब पहुंच गया था, लेकिन अंततः पीछे हट गया क्योंकि बढ़ते क्षेत्रीय और राजनयिक दबाव के बीच ट्रंप ने रुकने का फैसला किया।

## ईरानी कुर्द इलाके में सबसे ज्यादा मौतें

- एक ईरानी अधिकारी, जिसने मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया कि कुछ सबसे भीषण झड़पें और सबसे ज्यादा मौतें देश के उत्तर-पश्चिम में ईरानी कुर्द इलाकों में हुई हैं। वहां कुर्द अलगाववादी सक्रिय रहे हैं और हाल के अशांति के दौर में झड़पें सबसे हिंसक रही हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी ने कहा कि कार्रवाई में 24,348 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रंप ने तेहरान के नेताओं का धन्यवाद किया

शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रंप ने तेहरान के नेताओं को धन्यवाद दिया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने 800 लोगों की तय फांसी को रोक दिया था, जिसमें 26 साल के इरफान सोलतानी भी शामिल थे, जो अशांति शुरू होने के बाद मौत की सजा पाने वाले पहले ईरानी प्रदर्शनकारी थे। अधिकार समूहों के अनुसार, कपड़ों की दुकान में काम करते सोलतानी को तेहरान के उत्तर-पश्चिम में स्थित शहर करज में विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने के बाद गिरफ्तार किया गया था और बुधवार को उन्हें फांसी दी जानी थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद से, उनके परिवार को उनकी हालत के बारे में बहुत कम जानकारी मिली थी, सिवाय उनकी संभावित फांसी से पहले एक छोटी, तय मुलाकात के।

## सोलतानी के परिवार ने की मुलाकात

वीकेंड में, सोलतानी का परिवार उनसे मिल पाया और यह पता चला कि वह ज़िंदा हैं। जर्मनी में रहने वाली सोलतानी की चचेरी बहन सोमायेह ने कहा, मुझे यह जानकर राहत मिली है कि मेरा चचेरा भाई इरफान ज़िंदा है। हालांकि, मैं चिंतित हूं क्योंकि मुझे खबर मिली है कि हिरासत में उसे टॉर्चर किया गया है और उसे अभी तक मेडिकल मदद नहीं मिली है। मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करती हूं कि कृपया उसकी हिरासत की स्थितियों पर ध्यान दें। मैं यूरोपीय राजनेताओं से भी अपील करती हूं कि कृपया इरफान के लिए मेडिकल सहायता की मांग करने के लिए उसके मामले को स्पॉन्सर करें।

# आप के प्रवीण शर्मा मोगा के नए मेयर चुने गए

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवीण शर्मा आज हुए चुनावों में मोगा नगर निगम के नए मेयर चुने गए। शर्मा को 50 पार्षदों में से 31 का समर्थन मिला और उन्होंने जीत हासिल की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान काफी हंगामा और हाथापाई हुई। जिला प्रशासन के मीटिंग हॉल में तनाव बढ़ गया, जब आप पार्षदों और शिरोमणि अकाली दल के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई जो हाथापाई में बदल गई। अकाली दल और कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने सत्ताधारी आप सरकार पर विपक्षी पार्षदों को प्रभावित करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। इन कथित अलोकतांत्रिक तरीकों के विरोध में, शिअद और कांग्रेस के सभी पार्षदों ने कार्यवाही का बहिष्कार किया और मीटिंग से बाहर चले गए। बहिष्कार के बावजूद, चुनाव जारी रहा, जिसके बाद प्रवीण शर्मा को मेयर नियुक्त किया गया।



## चानी को हटाने के बाद मेयर पद था खाली

27 नवंबर, 2025 को बलजीत सिंह चानी को पद से हटाए जाने के बाद मेयर का पद खाली हो गया था। चानी, जिन्होंने अगस्त 2023 में पंजाब में आप के पहले मेयर बनकर इतिहास रचा था, उनका पतन बहुत जल्दी हुआ। नवंबर 2025 में, आप हाईकमान ने चानी को पार्टी से निकाल दिया और उन्हें पद से हटा दिया। पार्टी ने उन्हें ड्रग तस्करों से जोड़ने वाले ठोस सबूत होने का हवाला दिया। खास तौर पर, आरोप लगे कि चानी ने एक ड्रग पेडलर को पुलिस हिरासत से बचाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया था और कथित तौर पर नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले को निपटाने के लिए पैसे मांगे थे।

## आपत्तिजनक चीजें सामने आने के बाद मांगा इस्तीफा

आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद, पार्टी नेतृत्व ने चानी से इस्तीफे की मांग की। हालांकि चानी ने आधिकारिक तौर पर स्वास्थ्य और पारिवारिक कारणोंश् का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह व्यापक रूप से माना गया कि यह एक जबरन इस्तीफा था। हटाए जाने के बाद, बलजीत सिंह चानी ने आरोपों से इनकार किया। उन्होंने दावा किया कि उनकी ही पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं ने उनकी प्रतिष्ठा खराब करने और मेयर का पद हथियाने के लिए साजिश रची थी। पार्टी के सबूतों के दावों के बावजूद, 2025 के अंत तक, स्थानीय पुलिस ने उनके खिलाफ कोई औपचारिक आपराधिक शिकायत दर्ज नहीं की थी, यह देखते हुए कि उस समय कोई आधिकारिक पीड़ित सामने नहीं आया था।

# राहुल गांधी 21 जनवरी को पहुंचेगें कुरुक्षेत्र, संगठन सृजन कैंप को संबोधित करेंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जनवरी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र जाएंगे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने घोषणा की कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र में पार्टी के चल रहे संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय शिविर 13 जनवरी को शुरू हुआ। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, हुड्डा ने आगे की राजनीतिक लड़ाई के लिए पूरी तैयारी करने का आग्रह किया, जिसमें बेरोजगारी, संगठित अपराध, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, पलायन, किसानों की उपेक्षा और गरीब और एससी-ओबीसी समुदायों को दरकिनार करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया।



## बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

उन्होंने बीजेपी पर कोई भी वादा पूरा न करने, विकास के बजाय घोटालों को प्राथमिकता देने, युवाओं की नौकरियां बाहरी लोगों को देने और कांग्रेस के समय की संस्थाओं को खत्म करने का आरोप लगाया। 11 सालों में, बीजेपी ने कोई नया मेडिकल कॉलेज, बड़े उद्योग, विश्वविद्यालय, रेलवे या मेट्रो लाइन, या कक्ळ नहीं बनाए हैं और न ही कोई महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित किया है। इसके बावजूद, राज्य का कर्ज 1966 और 2014 के बीच जमा हुए 60,000 करोड़ रुपये से बढ़कर सिर्फ 11 सालों में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है।

## किसानों की आय दोगुनी करने का किया था वादा

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आय बढ़ाने के बजाय, उसने उत्पादन लागत को कई गुना बढ़ा दिया है। इसी तरह, सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं को धोखा दिया है। चुनावों के दौरान, बीजेपी ने सभी महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब यह लाभ केवल सीमित संख्या में महिलाओं को दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा में अब संगठित अपराध रोजमर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372